ग्राहकों के साथ मधुर संबंधों को बनाए रखने, ग्राहक विकर्षण को कम करने एवं संगठन की साख को बनाए रखने के लिए भाषा एक महत्वपूर्ण घटक है ग्राहक संबंध प्रबंधन में भाषा की अहम भूमिका है यदि हम ग्राहकों की भाषा में ही संव्यवहार करेंगे तो ग्राहक संबंध प्रबंधन सफल होगा | भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा हाल ही में किए गए एक सर्वे के अनुसार, बढ़ते अस्ति गुणवत्ता दवाब एवं कड़ी विनियामक अपेक्षाओं के फलस्वरूप बैंकों की लाभप्रदता में कमी आ सकती है अतः ग्राहक संबंध प्रबंधन आज के समय की बड़ी मांग है और यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जिसमें प्रत्येक बैंक एक हितधारक है, आज वित्तीय समावेशन की पहुँच का विस्तार करना उतना आसान नहीं है, जितना कि केवल इन वित्तीय सेवाओं को डिजिटल रूप में पेश करना | वर्तमान में उपयोगकर्ताओं को यह भी पता होना चाहिए कि इन प्लेटफार्मों का लाभ कैसे उठाया जाए, कुछ ऐसा जो बैंकों के लिए एक सरल, फिर भी बहुत प्रासंगिक तथ्य से जटिल है-

नई सहस्त्राब्दी में भी अधिकांश भारतीय इंटरनेट के लिए पूरी तरह से नए हैं और इन उपयोगकर्ता की संख्या, उनकी भाषा की वरीयता और इंटरनेट के साथ उनकी परिचितता की कमी का अर्थ है कि इन जनमानस की सेवा करने की इच्छुक कंपनियों को शब्द के सही अर्थों में स्थानीयकरण करने की आवश्यकता है |

विशेष रूप से संचार का स्थानीयकरण बहुत आवश्यक है क्योंकि ग्राहकों के लिए संचार बहुत महत्वपूर्ण है भारत में आज भी ओटीपी धोखाधड़ी एक बहुत बड़ी समस्या है, उदाहरण के लिए, बैंकों से ग्राहकों को अपने ओटीपी साझा न करने के लिए संदेश अधिकतर अंग्रेजी में भेजे जाते हैं जिसका अर्थ है कि केवल 10% भारतीय ही इन संदेशों को पढ़ पाते हैं और एक विशाल जनसमूह इस जागरुकता से अनभिज्ञ रह जाता है और उनके हितों की सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बन जाती है कहने का तात्पर्य यह है कि संचार और टेक्स्ट दोनों के स्थानीयकरण करने की बहुत आवश्यकता है | वर्तमान में भारतीय भाषाओं में वॉयस टेक्नॉलॉजी डिजिटल बैंकिंग को बिना बैंक वाले लोगों तक पहुचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है पिछले कुछ वर्षों में वॉयस टेक्नॉलॉजी में हुई प्रगति ने यूजर-प्लेटफॉर्म इंटरएक्टिविटी के एक नए युग की शुरुआत की है क्योंकि बोलना , आखिरकार टाईपिंग की तुलना में अधिक सहज और ज्ञान उक्त है और वह भी तब जब भाषा का माध्यम स्थानीय हो |

वर्तमान समय में चैटबॉट एक प्रमुख वॉयस टूल हैं जो डिजिटल

बैंकिंग सेवाओं के भारतीय भाषा उपयोगकर्ताओं को बहुत लाभ पहुंचा रहा है यह ग्राहकों की उनकी अपनी भाषा में मदद करता है यह मौखिक रूप से तब तक जारी रहता है जब तक ग्राहक अपनी इच्छित कार्यवाही की पुष्टि करने में सक्षम नहीं हो जाता, यह उपयोगकर्ता के सवालों का जवाब देने के साथ ही, बिल पमेंट, फंड ट्रांसफर और मोबाईल रिचार्ज करने की सुविधा भी प्रदान करता है | इतना ही नहीं यह चैटबॉट जीएसटी,एटीएम लोकैशन,बैंक शाखा की जानकारी आदि जैसे जटिल सवालों का जवाब देने में भी सक्षम है |

तकनीकी कायाकल्प की यह प्रक्रिया एक समावेशी प्रक्रिया है जिसका उद्देश्य तकनीकी नवोन्मेष के लाभों को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है इस संदर्भ में हमारे लिए स्थानीय भाषाओं की भूमिका न सिर्फ महत्वपूर्ण, बल्कि असंदिग्ध है | तकनीकी रूपांतरण की कोई भी प्रक्रिया तभी सार्थक तथा समावेशी हो सकती है जब वह भाषाई, सांस्कृतिक तथा व्यक्तिगत विविधताओं के साथ तालमेल बिठाए | स्थानीय भाषाओं को साथ लिए बिना "डिजिटल बैंकिंग" की प्रक्रिया अपने वास्तविक उद्देश्य को हासिल नहीं कर सकती | डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की प्रक्रिया में भारतीय भाषाओं की प्रभावी भागीदारी तभी संभव है जब सभी प्रासंगिक तकनीकों में इन स्थानीय भाषाओं के प्रति एक मजबूत समर्थन मौजूद हो | सिद्धांततः तकनीक का लाभ उठाने के लिए किसी को दूसरी भाषा सीखने की जरूरत नहीं होनी चाहिए |

निष्कर्ष: आज बैंकों ने अपनी लागत कम करने और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रोद्योगिकी में भारी निवेश किया है वे एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाईल बैंकिंग, डिजिटल बैंकिंग यूनिट जैसे अनेकों डिजिटल बैंकिंग चैनलों की पेशकश कर रहे हैं, ताकि लाभप्रदता बढ़ाने एवं परिचालन लागत को कम करने की उम्मीद के साथ ग्राहकों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सेवाएँ प्रदान की जा सकें परंतु सत्य यही है कि आज भी ग्राहक डिजिटल बैंकिंग चैनलों को अपनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं जिसकी सबसे प्रमुख वजह है भाषा अर्थात वह भाषा जिसमें वे सहज हों | आज बैंकिंग उद्योग के लिए चुनौती शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राहकों के अत्यधिक विशिष्ट क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करना है | भारत में डिजिटल बैंकिंग को अपनाने के बारे में बैंकिंग उद्योग द्वारा जारी की गईं तमाम रिपोर्टों के विपरीत, हमारे शोध निष्कर्ष बताते हैं कि बैंकों को बैंकिंग भुगतान और लेन-देन के लिए डिजिटल चैनलों के साथ ग्राहकों को शिक्षित करने और सहज बनाने के लिए गंभीर रूप से पहल करने की आवश्यकता है और बैंकिंग व्यवस्था से अछूते जनमानस को बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं के संचार से जोड़े रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है जनधन योजना के तहत जो 22 करोड़ से ज्यादा खाते खुले थे वो आम जनता की भाषा मे किए गए प्रचार का ही परिणाम था अर्थात् अब यह सरकार, बैंक और हम सब की जिम्मेदारी है कि हम उन सुदूरवर्ती लोगों को डिजिटल बैंकिंग के बारे में उस स्थानीय भाषा में जागरूक करें जिस भाषा को वे समझते हैं | भारतेन्दु हरिश्चंद्र जी की ये पंक्तियाँ डिजिटल बैंकिंग की प्रगति में भाषा की भूमिका का महत्व स्पष्ट करती हैं-

"निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल, बिन निज भाषा ज्ञान के, मिटत न हिय को सूल"

प्रबंधक
प्रधान कार्यालय बोर्ड विभाग

116th Foundation Day Of the Bank celebrated at Different Zonal Offices of the Bank

Tanay Verma

Powering Growth in Agriculture Sector

Agriculture is the mainstay of the Indian economy contributing nearly 15 percent to the national GDP as it provides livelihood to around two-thirds of the total working population in the country

Further, agriculture is the primary source of raw materials for some of the major industries such as textile, sugar, food, pharma (mainly Ayurveda) and new age health and fitness products.

Recently, agriculture has jumped to the 7th position as net exporter, across the globe.

Energy Demand

Agriculture also demands high energy inputs in many of its activities, mainly irrigation. According to estimates, agriculture consumes nearly 20 per cent of the electricity consumed at national level.

Farmers have installed around nine million diesel pump sets to harvest groundwater for irrigation purposes.

Energy consumption at this high level has raised concern in view of India's commitment to reduce the carbon intensity by less than 40 per cent by 2030 (COP-26).

- Recently, the Government has set a target to make the agriculture sector diesel free by 2024.
- Renewable energy (RE) has emerged as the most viable and sustainable option to address environmental concerns and meet the targets as envisaged by the Government of India.
- RE also promises to increase the income of farmers and save precious natural resources, mainly water.

A series of steps to empower farmers with RE systems to make them energy self-sufficient, particularly in irrigating their fields.

- Various sources of renewable energy such as solar, wind, small hydro, biomass and agricultural wastes are being deployed in rural settings for agricultural purposes.
- Facilitates related research, design, development and manufacture.
- At state level, a network of Renewable Energy Development Agencies actively cooperate and co-ordinate with MNRE to connect with various stakeholders, primarily farmers.
- First bio-energy plant of a private company in Sangrur district of Punjab - It will produce Compressed Bio Gas (CBG) from paddy straw, thus converting agricultural waste into wealth.

1. Bioenergy

Bioenergy is renewable energy made available from organic materials derived from biological sources. It is the energy derived from biomass such as bagasse, cotton stalk, coconut shell and wood, plants, etc.

Compressed Bio Gas (CBG):

Bio-gas is produced naturally through process of

anaerobic decomposition from waste and biomass sources like agriculture residue, cattle dung, municipal solid waste, sugarcane press mud, sewage treatment plant (STP) waste, etc.

It is called CBG after biogas is purified and compressed, which has pure methane content of over 95%. CBG is exactly similar to commercially available natural gas in its composition and energy potential. Its calorific value and other properties are similar to CNG.

The need for CBG:

It has become common practice among farmers in Punjab, Haryana and western Uttar Pradesh to dispose of paddy stubble and the biomass by setting it on fire to prepare fields for the next crop, which has to be sown in a window of three to four weeks. The resultant clouds of smoke engulf the entire National Capital Territory (NCT) of Delhi and neighbouring States for several weeks between October to December. This plays havoc with the 2023 environment and affects human and livestock health.

The Capital's air quality index (AQI) deteriorated slightly and continued to be in the "poor" category on Tuesday, according to the Central Pollution Control Board (CPCB) data of October 2022.

Meanwhile, recently the Delhi government started spraying Pusa bio-decomposer solution in paddy fields in the city to reduce stubble burning. Commission for Air Quality Management in NCR and Adjoining Areas (CAQM) recently announced an immediate ban on all construction and demolition activity unregistered with the authority.

Some measures:

The Government of India has put in place several measures and spent a lot of money in tackling the problem. The Commission for Air Quality Management in National Capital Region and Adjoining Areas (CAQM) had developed a framework and action plan for the effective prevention and control of stubble burning. The framework/action plan includes:

In-situ management: incorporation of paddy straw and stubble in the soil using heavily subsidised machinery (supported by crop residue management (CRM) Scheme of the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare).

Ex-situ management, i.e., CRM efforts include the use of paddy straw for biomass power projects and co-firing in thermal power plants, and as feedstock for 2G ethanol plants, feed stock in CBG plants, fuel in industrial boilers, waste-to-energy (WTE) plants, and in packaging materials, etc.

Additionally, measures are in place to ban stubble burning, to monitor and enforce this, and initiating awareness generation. Despite these efforts, farm fires continued unabated.

A project in place Ex-situ uses of rice straw:

In its search for a workable solution, NITI Aayog approached FAO India in 2019 to explore converting paddy straw and stubble into energy and identify possible ex-situ uses of rice straw to complement the in-situ programme.

The results suggest that to mobilise 30% of the rice straw produced in Punjab, an investment of around ₹2,201 crore would be needed to collect, transport and store it within a 20-day period. This would reduce greenhouse gas (GHG) emissions by about 9.7 million tonnes of CO 2 equivalent and around 66,000 tonnes of PM 2.5.

Pellets:

A techno-economic assessment of energy technologies suggested that rice straw can be cost-effective for producing CBG and pellets. Pellets can be used in thermal power plants as a substitute of coal and CBG as a transport fuel.

Union Environment Ministry recently announced a ₹50 crore scheme to incentivise industrialists and entrepreneurs to set up paddy straw palletisation and torrefaction plants. o Paddy straw made into pellets or torrefied can be mixed along with coal in thermal power plants. o This saves coal as well as reduces carbon emissions that would otherwise have been emitted were the straw burnt in the fields, as is the regular practice of most farmers in Punjab and Haryana.

SATAT Scheme

With 30% of the rice straw produced in Punjab, a 5% CBG production target set by the Government of India scheme, "Sustainable Alternative Towards Affordable Transportation (SATAT)" can be met.

SATAT has following four objectives:

- Utilising more than 62 million metric tonnes of waste generated every year in India.
- Cutting down import dependence, 2023
- Supplementing job creation in the country.
- Reducing vehicular emissions and pollution from burning of agricultural / organic waste.

From paddy stubble, CBG valued at ₹46 per kg as per the SATAT scheme will be produced. Paddy straw from one acre of crop can yield energy output (CBG) worth more than ₹17,000 — an addition of more than 30% to the main output of grain. This initiative is an ideal example of a 'wealth from waste' approach and circular economy.

GOBARdhan (Galvanising Organic Bio-Agro Resources Dhan) scheme

Government of India has launched a dedicated GOBARdhan (Galvanising Organic Bio-Agro Resources Dhan) scheme

(Swachh Bharat Mission Grameen Phase-2) with twin objectives – to make the villages clean and generate clean power from organic wastes.

- The scheme also aims to increase income of farmers by converting biodegradable waste into compressed biogas (CBG).
- Technical and financial assistance under the scheme is attracting entrepreneurs for establishing community based CBG plants in rural areas.
- CBG is a purified form of biogas (98 per cent purity of methane content) which makes it suitable for use as green and clean fuel for transportation or filling in cylinders at high pressure (250 bar). Scheme is also promoting rural employment and income generation opportunities for rural youth and others.

Recently, Asia's largest CBG plant was inaugurated at Sangrur, Punjab with an FD/ investment of Rs. 220 crores.

CBG plant offers a much needed substitute for burning crop stubbles which is a serious environmental and health issue. o It is claimed that this plant will reduce the burning of stubble on 40,000-45,000 acres of fields, resulting in an annual reduction of 150,000 tonnes of carbon dioxide emissions. This will help India meet its CoP-26 climate change targets of reducing carbon emissions.

2. Biomass

Biomass materials used for power generation primarily include bagasse, rice husk, straw, crop waste and agricultural residues.

MNRE has been implementing biomass power/ cogeneration programs since the midnineties.

Over 800 biomass power and bagasse/ non-bagasse cogeneration projects aggregating to over 10,206 Mega Watt capacity have been so far installed in the country with central financial assistance from Government of India.

Power from biomass is generated by installing biomass gasifiers in proximity to the source of raw materials to reduce costs.

Irrigation pumps powered by rice-husk electricity are cheaper, long lasting and more ecofriendly than diesel powered pumps. Irrigation facility at low cost allows farmers to increase crop intensity and also improves crop yield.

3. Solar Energy

Addressing the energy concerns in the agriculture sector, a large number of solar devices/ equipment have been developed and deployed that include solar water pumps, solar dryers, solar dusters etc.

The PM-KUSUM scheme is one of the largest initiatives of the world to provide clean energy to more than 35 lakh farmers and also enhance their income. The scheme is being implemented through its three components with specific objectives:

- In addition to day time reliable power and increase in farmer's income, the scheme also has direct employment generation potential for skilled and non-skilled work force. According to estimates, each solar installation creates approximately 24.50 2023 job years per MW.
- PM-KUSUM will help reduce subsidies required from states for electricity supply to agriculture.
- It will also help boost domestic solar manufacturing mainly to make solar cells and solar modules for which we still depend on imports.
- The scheme will lead to an annual reduction of 1.38 billion litres in diesel consumption per year, thus, reducing the import bill on account of petroleum products.
- The scheme will also lead to reducing carbon emissions by as much as 32 million tonnes per annum.

A few concerns

Due to the immense potential and scope of renewable energy in the agriculture sector, the Government is focusing on decentralised RE systems and products.

MNRE has recently released a framework (2022) to promote RE based applications that are used for earning livelihoods. A special focus on engaging all stakeholders, skill development and capacity building would scale up RE-based livelihood applications.

However, financing for the end-users and enterprises would be critical to enable the adoption of solutions and scale-up of the sector.

RE based decentralised and distributed applications have benefitted millions of farmers in villages by meeting their energy needs in an environment friendly manner.

The Way forward:

There are several other benefits of adopting CBG for a renewable energy revolution:

- The slurry or fermented organic manure from the plant (CBG) will be useful as compost to replenish soils heavily depleted of organic matter, and reduce dependence on chemical fertilizers.
- The plant will also provide employment opportunities to rural youth in the large value chain, from paddy harvest, collection, baling, transport and handling of biomass and in the CBG plant.

Every year, about 27 million tonne of paddy straw is generated in Punjab and Haryana. About a third of this straw is from non-basmati rice, which cannot be fed to cattle as fodder because of its high silica content. This is usually burnt which adds to the air pollution crisis in Delhi NCR and adjoining areas. So, converting it into CBG is the last resort.

From the point of view of environmental benefits, renewable energy, value addition to the economy, farmers' income and sustainability, this initiative is a win-win situation. It is replicable and scalable across the country and can boost the rural economy.

Senior Manager
HO HRD Training Cell

ऊर्जा कुशल तकनीक एवं पर्यावरण पर इसके सकारात्मक प्रभाव



वर्षा पटेल

ऊर्जा कुशल तकनीक समान कार्य करने या समान परिणाम उत्पन्न करने के लिए कम ऊर्जा का उपयोग है। ऊर्जा कुशल घर और भवन गर्मी में ठंडा करने और उपकरणों और इलेक्ट्रॉनिक्स को चलाने के लिए कम ऊर्जा का उपयोग करते हैं, और ऊर्जा कुशल विनिर्माण सुविधाएं माल का उत्पादन करने के लिए कम ऊर्जा का उपयोग करती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा है कि - अगर हम 1 यूनिट बिजली हम बचाएगें तो वह सवा यूनिट नयी बिजली बनाने के समान है। हम जितना बिजली बाचाएंगे उसका पर्यावरण पर उतना ही सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

परंतु प्रश्न यह है कि ऊर्जा कुशल उपकरणों की क्या आवश्यकता है? ऊर्जा- कुशल उपकरण आपके पैसे और ऊर्जा बचाने, पर्यावरण की रक्षा करने और आपकी जीवन शैली को बढ़ाने में मदद करने के लिए आवश्यक है। इस प्रकार, आप जितने अधिक ऊर्जा कुशल घरेलू उपकरणों का उपयोग करेंगे, कार्बन डाइऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों से पर्यावरण की रक्षा करते हुए, आपके उपयोगिता बिल उतने ही कम होंगे। अगर हम आस पास देंखे तो यह पाएगें कि इन दिनों घर, कार्यालय हानिकारक ग्रीनहाउस गैसों के प्रमुख योगदानकर्ताओं में से एक हैं क्योंकि वे घरेलू उपकरणों का उपयोग करते हैं जो बहुत अधिक ऊर्जा की खपत करते हैं । इसलिए यह अच्छा हो सकता है जब हम कार्बन फुटप्रिंट के उत्सर्जन को कम करने के लिए ऊर्जा कुशल उपकरणों का उपयोग करने जैसे आज के नवाचार का लाभ उठाएं ।

ऊर्जा कुशल तकनीक का लाभ

ऊर्जा-कुशल तकनीक ग्रीनहाउस उत्सर्जन को रोकने में मदद करते हैं। ग्रीनहाउस गैसें ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रमुख कारण हैं। ये गैसें इन्फ्रारेड विकिरण को अवशोषित करने के लिए ज़िम्मेदार हैं जो वातावरण में गर्मी को पकड़ने और फँसाने का कारण बनती हैं। नतीजतन, पृथ्वी की सतह से गर्मी बढ़ती रहती है। बिजली पैदा करने वाले जीवाश्म ईंधन को जलाने से भी ग्लोबल वार्मिंग उत्पन्न हो सकता है। जीवाश्म ईंधन के दहन से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड निकलता है। कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसें एक इन्सुलेट परत के रूप में कार्य कर सकती हैं जो सौर विकिरण को अंदर जाने देती हैं लेकिन इसे पृथ्वी की सतह

पर प्रतिबिंबित होने से रोकती हैं। जब सौर विकिरण ऊष्मा पृथ्वी की सतह पर फंस जाती है, तो इसका परिणाम जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग होगा। इसलिए, आपके घर में डिशवॉशर और रेफ्रिजरेटर जैसे ऊर्जा कुशल उपकरणों का उपयोग ऊर्जा बचाने में मदद करेगा जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और पर्यावरण की रक्षा में मदद कर सकता है।

ऊर्जा-कुशल तकनीक उपकरण पानी बचाने में आपकी मदद करते हैं। हर कोई जीने के लिए पानी पर निर्भर है। और जल संरक्षण हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए। हमें पानी को शुद्ध और सुरक्षित रखने में मदद करनी चाहिए और आने वाली पीढ़ी के लिए इसे संरक्षित करने में मदद करनी चाहिए। इस प्रकार, हम जो सबसे अच्छी चीजें कर सकते हैं, उनमें से एक घरेलू उपकरणों का उपयोग करना है जो आने वाले वर्षों के लिए हमारे पानी और बिजली के बिल को कम करने में मदद करने के लिए कम पानी और ऊर्जा की खपत करेगा।

घरों और अन्य व्यावसायिक संस्थाओं से ऊर्जा की अत्यधिक मांग के कारण हर साल बिजली की दरें बढ़ रही हैं। इसलिए, घर पर अधिक कुशल ऊर्जा संरक्षण के लिए ड्रायर, वाशर, रेफ्रिजरेटर, फ्रीजर, एयर प्यूरीफायर आदि जैसे ऊर्जा कुशल उपकरणों का उपयोग करना अच्छा हो सकता है, साथ ही हमारे पानी के बिल को बचाने में भी मदद करता है। ये ऊर्जा कुशल उपकरण आपको अधिक सुविधा प्रदान कर सकते हैं क्योंकि ये न केवल हमें पानी के बिल को बचाने में मदद करेंगे, बल्कि पर्यावरण की रक्षा करते हुए हमारे घर के कामों को अधिक कुशलता से करने में भी मदद कर सकते हैं।

ऊर्जा-कुशल तकनीक पैसे बचाने में मदद करते हैं। ग्रीनहाउस उत्सर्जन को रोकने और पानी के संरक्षण के अलावा, ऊर्जा कुशल उपकरण घर पर हमारे ऊर्जा बिल को कम करके पैसे बचाने में भी आपकी मदद करते हैं। आपके घर के लिए इन ऊर्जा कुशल सुधारों में से एक उपकरण खरीदना है जो आपके बिजली के बिलों को बचाने में आपकी मदद कर सकता है। अपने पुराने प्रकाश बल्बों को बदलने से भी बिजली की खपत कम करने में मदद मिलेगी। इनमें से कुछ प्रकाश बल्बों में ऊर्जा कुशल एलईडी या सीएफएल शामिल हैं जो आपके वर्तमान बिजली बिलों के आधे से अधिक को बचाने में मदद कर सकते हैं। इन घरेलू उपकरणों के होने से हम जल्दी से ऊर्जा कुशल कार्य भी कर सकते हैं।

ऊर्जा-कुशल तकनीक आपके कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करते हैं। कार्बन फुटप्रिंट आपके घर और अन्य व्यवसायों से जीवाश्म ईंधन की खपत के कारण उत्सर्जित कार्बन यौगिकों जैसे कार्बन डाइऑक्साइड की संख्या है। ये कार्बन यौगिक पृथ्वी के वायुमंडल से सूर्य की गर्मी को रोक सकते हैं जो कि जलवायु परिवर्तन के प्राथमिक कारणों में से एक है। हालाँकि, हम ऊर्जा-कुशल घरेलू उपकरणों का उपयोग करके अपने कार्बन फुटप्रिंट और अन्य ग्रीनहाउस गैसों को कम करने में मदद कर सकते हैं क्योंकि इनसे पर्यावरण में हानिकारक गैसों का उत्सर्जन कम होता है। इन उपकरणों का उपयोग उन्हें कम करने में मदद करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है जो सभी जीवित चीजों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा, वायु प्रदूषण, कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीनहाउस गैसें पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और अन्य जीवित चीजों के लिए भी हानिकारक हैं। इसीलिए शोध के अनुसार, कार्बन फुटप्रिंट और अन्य ग्रीनहाउस गैसों को कम करने से वर्ष 2100 तक समय से पहले होने वाली मौतों को रोकने में मदद मिल सकती है।

वे आपके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ऊर्जा-कुशल उपकरण आवश्यक हैं। उनका उपयोग करना आपके जीवन को आसान बनाकर अधिक सुविधाजनक बना सकता है। इनमें से कुछ घरेलू उपकरणों को केवल कम प्रतिस्थापन और रखरखाव की आवश्यकता होगी, इसलिए आप आश्वस्त हो सकते हैं कि वे आपके पैसे और आपके समय को बचाने में भी मदद कर सकते हैं। इसका एक उदाहरण है जब आप अपने साधारण फ्लोरोसेंट बल्ब को अधिक ऊर्जा कुशल प्रकाश बल्ब से बदलते हैं। जैसे-जैसे दिन बीतते गए, आप देख सकते हैं कि यह अधिक समय तक चल सकता है जबकि यह आपके बिजली के बिल को कम करने में मदद कर सकता है।

यह उसी तरह है जैसे ऊर्जा दक्षता पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव प्रदान करने में मदद कर सकती है। पर्यावरण के अनुकूल उपकरणों का उपयोग करके, हम अपने परिवार और अन्य लोगों को स्वस्थ और खुश रहने में मदद करते हुए स्वच्छ हवा में सांस लेने में मदद कर सकते हैं। इस प्रकार, उनका उपयोग करना आपके जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद करने का एक आदर्श तरीका हो सकता है।इसके अलावा, ये आदर्श उपकरण अर्थव्यवस्था

को भी बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। वे बड़ी मात्रा में धन की बचत करके और राष्ट्रीय स्तर पर अरबों डॉलर तक की बचत करके अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इस प्रकार, उनका उपयोग करने से प्रत्येक गृहस्वामी और पूरे देश को लाभ मिल सकता है।

ऊर्जा के उपयोग का पर्यावरण पर प्रभाव

ऊर्जा का उपयोग व आपूर्ति समाज की मूलभूत आवश्यकताएँ हैं, जिन्होंने मनुष्य की किसी भी गतिविधि के द्वारा पर्यावरण को सर्वाधिक प्रभावित किया है। यद्यपि ऊर्जा और पर्यावरण की समस्याएँ मूलरूप से स्थानीय थीं- जैसे- निष्कर्षण से संबंधित समस्याएँ, उसे लाने-ले जाने की समस्या और उससे निकलने वाली हानिकारक गैसों की समस्याएँ। आज इन समस्याओं ने स्थानीय व वैश्विक रूप धारण कर लिया है जैसे- अम्ल वर्षा व ग्रीन हाउस प्रभाव। ऐसी समस्याएँ आज प्रमुख राजैनितक मुद्दों व अन्तरराष्ट्रीय वाद-विवाद और नियमन का विषय बन गई हैं।

ऊर्जा संसाधनों के अपक्षय के अतिरिक्त ऊर्जा का उपभोग मुख्यतः जीवाश्म ईंधन का जलना पर्यावरण को प्रदूषित करता है। जीवाश्म ईंधन के जलने से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन होता है जो वैश्विक ऊष्मण के कारण मौसम में परिवर्तन आज एक वास्तविकता है। वैश्विक ऊष्मण ने पहले ही एक भयावह स्थिति उत्पन्न कर दी है और जल्द ही सम्पूर्ण पृथ्वी के साथ-साथ सजीव प्राणियों, जिन्होंने इस पृथ्वी को अपना निवास बनाया है, के लिये हानिकारक बन जाएँगे। अपने ग्रह पृथ्वी की सुरक्षा हेतु हमारा सतर्क व जागरूक रहना अधिक उचित होगा। सारांश में, ऊर्जा का प्रयोग पर्यावरण को दो प्रकार से प्रभावित करताहैः

i. ऊर्जा संसाधनों का अपक्षय

ii. जीवाश्म ईंधन के ज्वलन से उत्सर्जित होने वाली ग्रीन हाउस गैसों द्वारा पर्यावरण प्रदूषण।

एक औसत घर में लगभग सभी प्रकार की क्रियाकलापों जैसे रोशनी, शीतलन व घर के ऊष्मण के लिये, भोजन पकाने के लिये, टी-वी-, कम्प्यूटर व अन्य वैद्त यंत्रों को चलाने के लिये ऊर्जा की आवश्यकता पड़ती है।ऊर्जा ने सुबह उठने से लेकर रात के सोने तक आपके जीवन को प्रभावित किया है। इसके बिना जीवनयापन व कहीं आना-जाना लोगों के लिये कठिन होगा। ऊर्जा, चाहे वह सौर ऊर्जा हो, नाभिकीय ऊर्जा हो या वह ऊर्जा जो हमारे शरीर में बनाती है; जिससे हम बात करते हैं और चलते हैं, आवश्यक है। ये साधारण कार्य हैं, जिन्हें हम ऊर्जा की सहायता से संपन्न करते हैं और उसके अभाव में नहीं कर सकते।

आप सम्भवतः अपने विद्यालय जाते समय रास्ते में ट्रैफिक लाइट देखते होंगे, जो बिजली से चलती है। बिना ट्रैफिक लाइट के कारें अव्यवस्थित रूप से चलती हैं और दुर्घटना हो सकती है। जब आप पैदल विद्यालय जाते हो तो शरीर भोजन से जो ऊर्जा प्राप्त करता है, उसका उपयोग करते हो। आप अंधेरा होने पर अवश्य ही घर में लाइट जलाते होंगे। विद्त के द्वारा आप अपने कमरे में रोशनी करके उसे चमकदार बनाते हों।

यातायात के क्षेत्र में बस, ट्रक, रेलगाड़ियाँ, पानी के जहाज, मोटरें इत्यादि कोयले, गैसोलीन, डीजल व गैस इत्यादि से चलती हैं। ये सभी जीवाश्म ईंधन हैं और इनके अतिदोहन के कारण इनका अभाव हो रहा है। कृषि के क्षेत्र में सिंचाई वाले पम्प, डीजल (एक जीवाश्म ईंधन) या बिजली से चलते हैं। ट्रैक्टर, थ्रैसर व संयुक्त हारवेस्टर (फसल काटने वाला) सभी ईंधन से चलते हैं।उद्योगों के क्षेत्र में माल बनाने के लिये विभिन्न स्तरों पर बड़ी मात्रा में ऊर्जा की आवश्यकता होती है। यह सर्वमान्य है कि ऊर्जा वित्तीय विकास व मानव विकास के लिये एक प्रमुख निवेश है। भारत में ऊर्जा क्षेत्र को योजना प्रक्रियाओं में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त है।

ऊर्जा और आर्थिक विकास

ऊर्जा विकास, आर्थिक विकास का एक अभिन्न अंग है। विकासशील देशों की तुलना में आर्थिक रूप से विकसित देशों के आर्थिक उत्पादन में प्रति इकाई अधिक ऊर्जा का उपयोग होता है और प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत भी अधिक है। ऊर्जा को सार्वभौमिक व मानव

विकास के लिये सबसे महत्त्वपूर्ण निवेश माना जाता है। अर्थव्यवस्था की वृद्धि के लिये वैश्विक प्रतिस्पर्धा का खड़े होकर सामना तभी कर सकेंगे। जब यह लागत प्रभावी व सस्ती और पर हितैषी ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर होगी।

ऊर्जा खपत इस बात का संकेत करती है कि अर्थव्यवस्था में ऊर्जा को किस कुशलता से प्रयोग किया गया है। भारत की ऊर्जा खपत अन्य उभरते एशियाई देशों की खपत से अधिक है।

भारत में ऊर्जा क्षेत्र को नियोजन प्रक्रिया में उच्च प्राथमिकता प्राप्त है। भारत सरकार ने इस तथ्य को स्वीकार किया है कि ऊर्जा क्षेत्र, एक उच्च विकास दर प्राप्त करने का सकल घरेलू उत्पाद (Gross Domestic Product GDP) की उपलब्धि में एक प्रमुख बाधा बन सकता है। अतः सुधार प्रक्रिया में तेजी लाने और एकीकृत ऊर्जा नीति अपनाने की आवश्यकता है।

निष्कर्ष

जब हम ऊर्जा कुशल तरीके से चलते हैं तो बहुत सारे लाभ होते हैं। ऊर्जा कुशल उपकरणों का उपयोग करके, हम न केवल पैसे बचाएंगे और अपने मासिक ऊर्जा बिलों को कम करेंगे, बल्कि हम पर्यावरण के संरक्षण और सुरक्षा में भी मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, वायु प्रदूषण और अन्य हानिकारक रसायनों का उत्पादन करने वाले परिवारों के बढ़ते औसत के साथ, ऊर्जा कुशल उपकरणों का उपयोग वास्तव में जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती माता को बचाने का एक आसान तरीका हो सकता है। ऊर्जा के अतिशय उपभोग व प्राकृतिक संसाधनों के अतिदोहन ने हमारे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। ऊर्जा के अत्यधिक उपभोग से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने हेतु हमें ऊर्जा का उपभोग कुशलतापूर्वक करना होगा व पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा संसाधनों का उपयोग करना प्रारम्भ करना होगा। संशोधित ऊर्जा क्षमता व ऊर्जा का कुशल प्रबंधन पर्यावरण को होने वाली हानि को कम करने व वित्तीय बचत में सहायक सिद्ध होगा।

वरिष्ठ प्रबंधक
आंचलिक कार्यालय, भोपाल

MD & CEO VISIT OF KOLKATA ZONE

Important circulars issued by different department of

CIRCULAR NO.	DATED	SUBJECT
		ACCOUNTS AND AUDIT DEPARTMENT
241/2023-24	22/6/2023	MASTER CIRCULAR ON QUARTERLY REVIEW - JUNE- 2023
201/2023-24	6/6/2023	TDS EXEMPTION ON ENCASHMENT OF EARNED LEAVE ON RETIREMENT
185/2023-24	31/5/2023	APPOINTMENT OF STATUTORY AUDITORS AS INTERNAL AUDITORS
137/2023-24	16/5/2023	TDS UNDER SECTION 194R OF INCOME TAX ACT, 1961 ON REIMBURSEMENT OF TA/DA EXPENSES TO AUDITORS.
110/2023-24	8/5/2023	CIRCULAR ON TDS AMENDMENT 2023-24
		HO KYC & AML Cell
243/2023-24	9/6/2023	Amendment to the Master Direction (MD) on KYC - Wire Transfer
		HO KYC & AML Cell
243/2023-24	9/6/2023	Amendment to the Master Direction (MD) on KYC - Wire Transfer
		HO FOREIGN EXCHANGE DEPARTMENT
157/2023-24	22/5/2023	Revised rates of assistance to Registrars for Aadhaar
1008/2022-23	8/2/2023	Updated Policy for enforcing of Aadhaar (Enrolment and Update) Regulations 2016, processes, standards, guidelines, data quality and containing corrupt/ fraudulent practices
		HO FRAUD MONITORING DEPARTMENT
223/2023-24	16/6/2023	Cases of Frauds/Attempted Frauds/Third Party Entities involved in Frauds (Sharing of Information)
117/2023-24	10/5/2023	Cases of Frauds/Attempted Frauds/Third Party Entities involved in Frauds (Sharing of Information)
60/2023-24	20/4/2023	Fraud of Rs. 34.94 Lakh committed by some Bank officials in Non-borrowal accounts.
		HO GENERAL ADMINISTRATION DEPARTMENT
249/2023-24	26/6/2023	Policy Guidelines for Acquisition of Accommodation on Lease Hiring, De-Hiring, Shifting and Surrender of Premises and Off-Site ATMs
208/2023-24	12/6/2023	Guidelines on "VIVAD SE VISHWAS II (Contractual Disputes)"
205/2023-24	7/6/2023	Change of Address of Moradabad (M0335) Branch.
174/2023-24	26/5/2023	REG: Change of Address of Daulat Ganj Ujjain (U0354), Paigaon (P0530) and Railway Road Hoshiarpur (H0009) Branc
87/2023-24	29/4/2023	POLICY ON ALLOCATION OF BANK VEHICLES TO SENIOR EXECUTIVES OF BANK
35/2023-24	12/4/2023	REG: Change of Address of Nabha (N0092) and Muktsar (M0115) Branch.
		HO HUMAN RESOURCES DEVELOPMENT DEPARTMENT
244/2023-24	22/6/2023	APPOINTMENT TO THE POST OF ADDITIONAL CHIEF VIGILANCE OFFICERS IN VARIOUS PUBLIC SECTOR BANKS
237/2023-24	20/6/2023	Recruitment for the post of "Advisor/ Senior Advisor - HR & IR" in IBA for Delhi Chapter
235/2023-24	20/6/2023	CELEBRATION OF INTERNATIONAL DAY OF YOGA (IDY) ON 21ST JUNE, 2023
216/2023-24	14/6/2023	REG: Declaration of banking industry as a public utility service under the provisions of the Industrial Disputes Act, 1947
203/2023-24	7/6/2023	REG: Bank's Foundation Day
191/2023-24	1/6/2023	EMPLOYEE SURVEY
184/2023-24	31/5/2023	Submission of Statement of Assets & Liabilities as on 31.03.2023
178/2023-24	26/5/2023	Transfer of Services (On Promotion) - Officials of JMGS-I
171/2023-24	25/5/2023	Transfer of Services (On Promotion) - Officials of MMGS-II
162/2023-24	24/5/2023	Sub: Appointment to the post of Chief Vigilance Officer (CVOs) in Public Sector Banks, Financial Institutions and Public Sector Insurance Companies
151/2023-24	24/5/2023	SUB: TO CREATE A TALENT POOL THROUGH JOB FAMILIES

Head Office from 01/04/2023 to 30/06/2023

CIRCULAR NO.	DATED	SUBJECT
150/2023-24	20/5/2023	TRANSFER OF SERVICES (ON PROMOTION) - OFFICIALS OF MMGS-III
36/2023-24	12/4/2023	TREATING OF MILITARY SERVICE OF THE EX-SERVICEMAN AS QUALIFYING SERVICE FOR THE PURPOSE OF GRANTING LOANS
4/2023-24	1/4/2023	APPOINTMENT TO THE POST OF DEPUTY MANAGING DIRECTOR IN NATIONAL BANK FOR AGRICULTURE AND RURAL DEVELOPMENT (NABARD)
HO LAW AND RECOVERY DEPARTMENT		
177/2023-24	26/5/2023	TAKING DUE CARE IN DOCUMENTATION, INDEX INSPECTION AND NON-ENCUMBRANCE CERTIFICATE OF MORTGAGED PROPERTY
121/2023-24	11/5/2023	SETTLEMENT OF CASES PENDING BEFORE DRTs IN LOK ADALATS
10/2023-24	5/4/2023	Special Campaign for Recovery in TWO Accounts
प्रधान कार्यालय राजभाषा विभाग		
43/2023-24	13/4/2023	भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन हेतु वर्ष 2023-24 का वार्षिक कार्यक्रम
HO PRIORITY SECTOR ADVANCES DEPARTMENT		
222/2023-24	16/6/2023	Sovereign Gold Bond Scheme 2023 - 24 Series I & II
218/2023-24	15/6/2023	"116 KA DUM" Bancassurance Campaign on "116th Foundation Day" of Bank
196/2023-24	3/6/2023	PSB SBI Co Branded Credit Cards in partnership with SBI Cards and Payment Services Limited
130/2023-24	15/5/2023	Observance of Bancassurance Campaign "NAYI SURUAAT"
15/2023-24	6/4/2023	Launch Of Credit Life Insurance Product
HO PRIORITY SECTOR ADVANCES DEPARTMENT		
238/2023-24	21/6/2023	MERGER OF BRANCH
91/2023-24	28/4/2023	“EXPLORE THE POSSIBILITIES”
78/2023-24	24/4/2023	New Branch Opening
68/2023-24	21/4/2023	22 NBFCs surrender their Certificate of Registration to RBI
HO RECONCILIATION DEPARTMENT		
56/2023-24	20/5/2023	₹2000 Denomination Banknotes – Withdrawal from Circulation; Will continue as Legal Tender
HO RETAIL LENDING DEPARTMENT		
179/2023-24	26/5/2023	Amendments in guidelines of PSB Apna Ghar and PSB Apna Vahan
109/2023-24	8/5/2023	PSB CREDIT PROTECT SCHEME
108/2023-24	6/5/2023	Amendments in guidelines of PSB Doctor Special
107/2023-24	6/5/2023	Amendments in guidelines of PSB Mortgage, PSB Vyapar & PSB SME Liquid Plus
106/2023-24	6/5/2023	Amendments in guidelines of PSB Apna Ghar Top Up
105/2023-24	6/5/2023	Amendments in guidelines of PSB Apna Vahan (All Variants)
14/2023-24	6/4/2023	WAIVER OF PROCESSING FEE UNDER "MISSION 46K" FOR PROPOSALS ALREADY ENTERED IN LOS
HO GENRAL OPERATION DEPARTMENT		
251/2023-24	26/6/2023	JOB CARD FOR REGISTRATION OF PHYSICAL MANDATE THROUGH "NEW PHYSICAL MANDATE H2H PORTAL"
187/2023-24	31/5/2023	100 DAYS 100 PAYS CAMPAIGN
181/2023-24	29/5/2023	SOP (Standard Operating Procedure) for Customer Service Committee Portal

वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों एवं ब्लॉकचैन तकनीक- तकनीकी दुनिया का भविष्य

विकास चौहान

वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और ब्लॉकचैन तकनीक की जब से स्थापना हुई है, तब से ही वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और ब्लॉकचैन तकनीक अध्ययन का विषय बना हुआ है। शुरूआती दिनों से ही जब लोगों ने इसे एक पौंजी योजना के रूप में समझा था, उन देशों को आज हम उसी योजना को कानूनी मानदंड के रूप में मानते हुए देख रहे हैं। क्रिप्टो करन्सी को ज्यादातर लोग जिन्होंने ब्लॉकचैन तकनीक का नाम सुना है वो इसे क्रिप्टो करन्सी जैसे कि बिटकोइन, एथेरीयम या किसी अन्य क्रिप्टो करन्सी से ही जोड़ कर देखते है। परंतु इसे केवल क्रिप्टो करन्सी तक सीमित समझना, वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और ब्लॉकचैन के क्षेत्र ओर इसकी उपयोगिता ओर इसमे निहित संभावनाओ को एक छोटे दृष्टिकोण से देखने के समान है। वास्तव मे ये तकनीकी दुनिया का भविष्य है।

ब्लॉकचैन तकनीक का आविष्कार एक व्यक्ति (या व्यक्तियों का समूह), जिनको सतोशी नाकामोतो नाम से जाना जाता है, ने साल 2008 मे किया। सतोशी नाकामोतो की पहचान आज तक अनजान है। ये दुनिया को एक ऐसी तकनीक देना चाहते थे जिससे की वित्तीय लेनदेन बिना किसी मध्यस्ता के किया जा सके अर्थात वित्तीय लेनदेन के लिए बैंक या किसी वित्तीय संस्था की जरूरत ना हो, पूर्ण रूप से विकेंद्रीयकृत हो। पहली ब्लॉकचैन एप्लीकेशन "बिटकोइन" 3 जनवरी 2009 को पहले ब्लॉक के निर्माण के साथ सतोशी नाकामोतो द्वारा शुरू की गई। उसके बाद से ब्लॉकचैन का उपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। आज कई देशों ने ब्लॉकचैन की महत्ता को समझा ओर विभिन्न क्षेत्रों मे इसका उपयोग किया है। जो आज के युग मे इंटरनेट की महत्ता है, भविष्य मे वही उपयोगिता ब्लॉकचैन तकनीक की होगी।

ब्लॉकचैन क्या है और यह कैसे काम करती है ?

साधारण भाषा मे कहा जाए तो ब्लॉकचैन एक डिजिटल "सार्वजनिक बहीखाता" है, जिसमे किसी भी चीज को डिजिटल बना कर उसका रिकार्ड रखा जाता है। यह ब्लॉक पर आधारित तकनीक है जिसमे प्रत्येक रिकार्ड को ब्लॉक कहा जाता है और इन ब्लॉकस की सूची को ब्लॉकचैन कहा जाता है जो लगातार बढ़ती रहती है।

प्रत्येक ब्लॉक मे तीन तरह का डाटा स्टोर होता है :-

- मुख्य डाटा
- हैश
- पिछले ब्लॉक का हैश

मुख्य डाटा वह डाटा है जो लेनदेन के प्रकार पर निर्भर करता है उदाहरण के तौर पर किसी बिटकोइन ट्रैन्सैक्शन मे भेजने वाले का पता, प्राप्तकर्ता का पता और लेनदेन की रकम का विवरण दिया जाता है।

हैश को आप उंगली के निशान की तरह समझ सकते है। यह प्रत्येक रिकार्ड के लिए अलग होता है जो ब्लॉक मे स्टोर डाटा के अनुसार बदलता रहता है। जब तक डाटा मे परिवर्तन करते रहेंगे वैसे वैसे हैश बदलता रहेगा।

पिछले ब्लॉक का हैश से ही शृंखला (चैन) का निर्माण होता है क्योंकि यह अगले ब्लॉक मे जुड़ कर शृंखला का निर्माण करता है।

किसी भी ब्लॉकचैन के पहले ब्लॉक को जेनिसिस ब्लॉक कहा जाता है जिसमे पिछला कोई ब्लॉक ना होने की वजह से पिछले किसी भी ब्लॉक का हैश नहीं होता है। अगर कोई व्यक्ति किसी ब्लॉकचैन मे किसी भी ब्लॉक मे रिकार्ड का परिवर्तित करेगा तो उस ब्लॉक की हैश वैल्यू बदल जाएगी और उस ब्लॉक से आगे वाले सभी और पीछे वाले ब्लॉक मे वैध वैल्यू नहीं रहेगी जिससे पूरी ब्लॉककचैन अवैध हो जाएगी। परंतु आज के तीव्र गति के कंप्युटर हजारों लाखों हैश की गणना सेकंड मे कर देते है तो यह भी संभव है कि कोई ऐसे ही कंप्युटर का उपयोग कर पूरी ब्लॉकचैन की हैश वैल्यू की पुनर्गणना कर दे और अपने रिकार्ड से छेड़छाड़ कर पुन: वैध कर दे। परंतु इससे बचने के लिए ब्लॉकचैन मे प्रूफ ऑफ वर्क का उपयोग किया जाता है। ये एक ऐसा सिस्टम है जो नए ब्लॉक बनने की गति को धीमा कर देता है। इसमे माइनरस या नोडेस को गणितीय समस्या का हल करना होता है और जो माइनर या नोड सबसे तीव्र गति से समस्या हल कर देता है है वह नया ब्लॉक जोड़ता है और इसके लिए उसे कुछ फीस मिलती है। बिटकोइन के उदाहरण मे अगर बात करें तो प्रत्येक नया ब्लॉक जोड़ने मे यह 10 मिनट लेता है। अगर कोई व्यक्ति तीव्र कंप्युटर की मदद से सभी ब्लॉकस की हैश वैल्यू मे परिवर्तन भी कर देता है तो भी उसे प्रूफ ऑफ वर्क की दुबारा जरूरत पड़ेगी। इसके अलावा भी एक और सिक्योरिटी इसका विकेंद्रीयकृत होना है। ब्लॉकचैन पीयर टू पीयर तकनीक पर काम करती है ओर इसमे कोई भी भाग ले सकता है। ये नोड पूरे विश्व मे अलग अलग जगहों पर अलग-अलग नेटवर्क का उपयोग करते है। जब कोई इस नोड नेटवर्क मे शामिल होता है तो उसे पूरी ब्लॉक की कॉपी मिल जाती है और नोड सत्यापित करता है कि सभी कुछ

ठीक चल रहा है और किसी ब्लॉक से कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। इसके बाद प्रत्येक नोड उस ब्लॉक को अपनी ब्लॉक चैन की कॉपी मे जोड़ लेता है। इसके बाद सभी नेटवर्क उस ब्लॉकचैन पर आम सहमति (कॉनसेंसेस)` देंगे कि सब कुछ ठीक है या अगर किसी ब्लॉक मे छेड़छाड़ हुई है तो उसकी जानकारी देंगे और ब्लॉकचैन अवैध हो जाएगी। इन ब्लॉकचैन लेनदेन को सत्यापित करने वाले व्यक्तियों को "माइनर" (खननकर्ता) कहा जाता है ओर इस कार्य के बदले उन्हे कुछ राशि मिलती है जिसे माइनिंग फीस कहा जाता है। बिटकोइन के माइनर को यह राशि बिटकोइन के रूप मे ही मिलती है।

तो किसी भी वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और ब्लॉकचैन के डाटा मे छेड़छाड़ करने के लिए किसी व्यक्ति को पहले पूरे ब्लॉक की हैश वैल्यू परिवर्तित करनी पड़ेगी (जो काफी हद तक संभव है) उसके बाद उसे सबका प्रूफ ऑफ वर्क सत्यापित करवाना पड़ेगा और उसे पूरे विश्व मे अलग अलग जगह पर स्थित अलग अलग नेटवर्क का उपयोग कर रहे 50% से ज्यादा कंप्यूटर्स को एक समय मे एक साथ हैक करना होगा (जो कि लगभग असंभव है क्योंकि नोड किसी भी एक नेटवर्क से नहीं जुड़े हुए है ओर एक जगह पर भी स्थित नहीं है)। इसके अलावा आगे वाले सभी हैश बदल जाने से जो प्रूफ ऑफ वर्क की आवश्यकता होगी और वो बचे हुए नोडेस द्वारा भी किए जाने की संभावना है जो हैक नहीं हुए हो ओर वो उस ब्लॉक के लिए सहमति नहीं देंगे जिससे चैन फिर से अवैध हो जाएगी।

ब्लॉकचैन के प्रकार

ब्लॉकचैन मुख्य रूप से 3 प्रकार की होती है।

- **पब्लिक (सार्वजनिक) वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और**

ब्लॉकचैन:- पब्लिक ब्लॉकचैन का सबसे बड़ा उदाहरण है बिटकॉइन। पब्लिक ब्लॉककचैन मे कोई भी एक नोड की तरह शामिल हो सकता है और ब्लॉकचैन का हिस्सा बन सकता है। पब्लिक ब्लॉकचैन का डाटा सभी के लिए उपलब्ध होता है। जैसे अगर राम मोहन को 10 बिटकोइन भेजता है तो यह जानकारी सार्वजनिक रूप से सभी को उपलब्ध होगी। परंतु यहाँ यह ध्यान देने योग्य बात है कि इसमे यह जानकारी नाम से उपलब्ध नहीं होती अपितु यह एक जटिल अड्रेस के रूप मे होती है जिसमे यह तो पता चलता है कि एक अड्रेस ने दूसरे अड्रेस को 10 बिटकोइन भेजे है परंतु राम ओर मोहन के बारे मे कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं होगी।

- **प्राइवेट (निजी) वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और ब्लॉकचैन:-** प्राइवेट या निजी ब्लॉकचैन किसी एक कंपनी द्वारा केवल अपने उपयोग के लिए बनाई गई होती है जिसमे नोड की संख्या सीमित होती है ओर ये सब नोडेस नियंत्रण मे होते है। इसमे कंपनी किसी दूसरे के साथ डाटा सांझा नहीं करना चाहती। निजी ब्लॉकचैन मे किसी प्रूफ ऑफ वर्क की आवश्यकता नहीं होती है। इस लिए यह तेजी से काम करती है। बैंक जैसी वित्तीय संस्थाओ के लिए यह अतिउत्तम है।

- **फ़ेड़रेटेड (संघीय) वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और ब्लॉकचैन:-** इस प्रकार की ब्लॉकचैन लोगों के संघ या कंपनियों के संघ उपयोग मे लेते है। इसमे कोई एक कंपनी नेतृत्व करती है। इसके सभी नोड एक दूसरे को जानते है।

इसके अलावा पर्मिशन और पर्मिशन लेस ब्लॉकचैन भी होती है।

ब्लॉकचैन के लाभ

वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और ब्लॉकचैन तकनीक के अनेकों लाभ है जिनमे से सबसे बड़ा लाभ यह है कि ब्लॉकचैन बहुत ज्यादा सुरक्षित है।

ब्लॉकचैन मे निहित संभावनाएं

वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और ब्लॉकचैन तकनीक मे अनेकों संभावनाएं छिपी हुई है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए ये एक वरदान साबित हो सकता है। चिकित्सा क्षेत्र, व्यापार क्षेत्र, शिक्षा क्षेत्र, चुनाव क्षेत्र, कृषि क्षेत्र, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र, सार्वजनिक वितरण प्रणाली आदि क्षेत्रों मे ब्लॉकचैन का उपयोग चमत्कारिक परिवर्तन ला सकता है।

कृषि क्षेत्र मे भूमि रिकार्ड रखने के लिए ब्लॉकचैन का उपयोग किया जा सकता है। हाल ही मे आंध्रप्रदेश सरकार ने कृषि भूलेख के रिकार्ड की सुरक्षा ओर हेरफेर से बचने के लिए सभी रिकार्ड को ब्लॉकचैन पर डालने की शुरुआत की है।

चिकित्सा क्षेत्र मे भी मरीजों का डाटा वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और ब्लॉकचैन के माध्यम से सुरक्षित रखा जा सकता है और विभिन्न हस्पतालों से मरीजों का बीमारी से संबंधित डाटा साँझा करके बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दी जा सकती है।

चुनाव मे धांधली या मशीनों मे गड़बड़ी जैसे गंभीर मुद्दे का वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और निपटारा भी ब्लॉकचैन तकनीक के उपयोग से किया जा सकता है।

बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं मे वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और प्राइवेट ब्लॉकचैन का उपयोग एक वरदान साबित हो सकता है जिससे सर्वर संबंधी समस्याओं का निवारण भी हो जाएगा और यह तकनीक ज्यादा सुरक्षित एवं प्रभावी भी है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली को वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और ब्लॉकचैन से जोड़ने से वितरण प्रणाली मे ज्यादा पारदर्शिता आएगी।

पिछले कुछ वर्षों मे हमने आधार का डाटा लीक होने की कई खबरें सुनी है। ब्लॉकचैन तकनीक से डाटा लीक होने जैसी समस्याओं से छुटकारा मिल जाएगा। क्योंकि इसमे सेंधमारी करना लगभग असंभव है।

शिक्षा के क्षेत्र मे भी इसका व्यापक उपयोग किया जा सकता है छात्रों की अंकतालिकाओं को ब्लॉकचैन के माध्यम से सुलभ रूप से पब्लिक डोमेन मे रखा जाए जिससे जरूरत पड़ने पर सत्यापन के समय पब्लिक के और प्राइवेट के का उपयोग कर ऑनलाइन सत्यापित किया जा सके और इसमे कोई गड़बड़ी या फेरबदल की गुंजाइश ना रहे।

ऑनलाइन खरीददारी, फूड डिलीवरी जैसी विभिन्न वेबसाईटस पर डेबिट ओर क्रेडिट कार्ड का डाटा स्टोर किया जाता है जिसके बारे में हम सुनते है की डाटा डार्क वेब पर लीक हो गया। हाल ही में डोमिनोज पिज्जा की वेबसाईट से ग्राहकों की गोपनीय जानकारियाँ लीक हुई है। ब्लॉकचैन के माध्यम से इस समस्या का समाधान किया जा सकता है।

इसके अलावा भी अनेक ऐसे क्षेत्र है जहां ब्लॉकचैन प्रभावी हो सकती है

ब्लॉकचैन तकनीक की कमियाँ

जटिल:- ब्लॉकचैन तकनीक काफी जटिल है यह किसी एक कंप्युटर या एक क्षेत्र के कंप्युटर्स को ही शामिल नहीं करता है वरन इसमे विश्व भर के कई नोडेस शामिल हो सकते है जिससे यह काफी जटिल हो जाता है।

बिजली की खपत:- नोडेस मे शामिल कंप्युटर्स को जटिल गणनाएं करनी पड़ती है जिससे की कोई नोड नया ब्लॉक जोड़ सके। इसके लिए तीव्र गति के ग्राफिक कार्ड्स उपयोग मे लिए जाते है जो कार्य करने पर काफी बिजली खर्च करते है। हालांकि इसका समाधान सोर ऊर्जा से नोड को जोड़ कर किया जा सकता है।

51% नोड पर हमला:- यह एक महत्वपूर्ण कमी है की यदि किसी ब्लॉकचैन मे शामिल 51% से ज्यादा नोडेस दुर्भावनापूर्ण है तो ब्लॉकचैन मे समस्या या सकती है। परंतु पब्लिक ब्लॉकचैन मे ऐसा होने की संभावना ना के बराबर है। क्योंकि सभी नोडस या माइनर एक ही जगह और एक ही नेटवर्क का इस्तेमाल नहीं करते।

आज दुनिया वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों और ब्लॉकचैन के फ़ायदों और इसके उज्वल भविष्य को देखते हुए हर क्षेत्र में इसका उपयोग करना चाह रही है। ब्लॉकचैन तकनीक में निहित लाभों के कारण ही क्रिप्टोकरन्सी इतनी लोकप्रिय हुई है। हालांकि हर तकनीक की तरह इसकी भी कुछ कमियाँ है परंतु उन्हे कुछ हद तक नजरअंदाज किया जा सकता है। जैसे किसी समय मे कम्प्यूटर, मोबाईल और इंटरनेट नये थे और आज वह घर घर की जरूरत बन गए है वैसा ही भविष्य वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों ब्लॉकचैन तकनीक का देखा जा रहा है। हमारे अनुमान के अनुसार 2050 तक लगभग सभी इंटरनेट से जुड़े कार्य ब्लॉकचैन तकनीक पर परिवर्तित हो जाएंगे। भारत जैसे उभरते हुए देश को वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों ब्लॉकचैन तकनीक के फायदे समझते हुए इसे विभिन्न क्षेत्रों मे उपयोग मे लाया जाना चाहिए जिससे सिस्टम की पारदर्शिता और सुरक्षा और भी मजबूत हो।

वरिष्ठ प्रबंधक
आंचलिक कार्यालय, गुरूग्राम

WORLD YOGA DAY

On the occation of World Yoga Day Bank has organised Yoga camp at STC, Rohini & Different Zonal Offices of the bank. Some glimpes of photographes are here.

पंजाब एण्ड सिंध बैंक की ओर से श्री स्वरूप कुमार साहा, एमडी एवं सीईओ, पंजाब एण्ड सिंध बैंक ने कार्यकारी निदेशक डॉ. रामजस यादव के साथ श्रीमती एम.जी. जयश्री, उप महानिदेशक, वित्तीय सेवाएं विभाग की उपस्थिति में माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ₹319.63 करोड़ का रिकार्ड लाभांश चेक प्रदान किया।

प्रधान कार्यालय, बैंक हाउस, 21, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली – 110008, फोन 011–25720849, ई–मेल editor.navodaya@psb.co.in
Head Office, Bank House, 21, Rajendra Place, New Delhi - 110008, editor.navodaya@psb.co.in | 011-25763539